आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 05.03.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रोजगार पर बजट के उपरान्त वेबिनार में भाग लेंगे।
- उत्तराखंड को एनीमिया और टीबी मुक्त बनाने के लिए शिक्षा विभाग के साथ मिलकर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।
- नैनीताल जिले के काठगोदाम और मुम्बई सेंट्रल के बीच 12 मार्च से विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री का उत्तरकाशी में हर्षिल और मुखवा का दौरा कल, उत्तराखंड पर्यटन को नई दिशा मिलने की उम्मीद।
- **और,** नशा मुक्त अभियान के तहत बागेश्वर में आज क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया।

**बजट–उपरान्त वेबिनार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बजट–उपरान्त वेबिनार में भाग लेंगे। वेबिनार के प्रमुख विषयों में लोगों में निवेश, अर्थव्यवस्था और नवाचार शामिल हैं।

**एनीमिया और टीबी मुक्त उत्तराखंड**

उत्तराखंड को एनीमिया और टीबी मुक्त बनाने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसमें विद्यालयी और उच्च शिक्षा संस्थानों की अहम भूमिका होगी। सभी राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षक और शिक्षा विभाग के अधिकारी 'निक्षय मित्र' बनकर एक–एक टीबी मरीज को गोद लेंगे और उनके उपचार में सहयोग करेंगे।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में आयोजित उच्च व विद्यालयी शिक्षा विभाग की संयुक्त बैठक में अभियान की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। इसके तहत विद्यालयों और महाविद्यालयों में जन जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियां और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें विशेषज्ञ कुपोषण से बचाव के उपाय बताएंगे। इसमें छात्र–छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग और सामाजिक संगठनों के सहयोग से छात्रों की टीबी और एनीमिया जांच की जाएगी, ताकि 2025 तक प्रदेश को इन बीमारियों से मुक्त किया जा सके।

डॉक्टर रावत ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत टीबी मुक्त अभियान पहले से सफलतापूर्वक चल रहा है। अब तक चौदह हजार से अधिक मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जिनमें से कई स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश के पांच हजार गांव पहले ही टीबी मुक्त घोषित किए जा चुके हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

## विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी

नैनीताल जिले के काठगोदाम और मुम्बई सेंट्रल के बीच आगामी 12 मार्च से विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन कुल 16 फेरों के लिए काठगोदाम और मुंबई सेंट्रल के बीच चलाई जाएगी। इसका संचालन जून माह तक जारी रहेगा।

यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल से बुधवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन अपराह्न ढ़ाई बजे काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी और गुरूवार को काठगोदाम से शाम साढ़े पांच बजे चलकर अगले दिन रात्रि आठ बजकर पचपन मिनट पर मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी।

इस रेलगाड़ी में वातानुकूलित शयनयान और सामान्य शयनयान श्रेणी सहित कुल 18 कोच लगाए जांएगे।

## वेव्स

भारत की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक विकास को ड्रोन सिनेमैटोग्राफी के ज़रिए दर्शाने के लिए वेव्स इंडिया : ए बर्ड्स आई व्यू चैलेंज लॉन्च किया गया है। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के तहत ड्रोन पायलटों और फिल्म निर्माताओं को 2–3 मिनट के वीडियो में भारत के विविध परिदृश्यों को कैद करने का अवसर दिया गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (बेसिल) द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में अब तक 956 प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। वीडियो जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है। यह चुनौती वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) का हिस्सा है, जो 1 से 4 मई 2025 तक मुंबई में आयोजित होगी।

प्रतिभागियों को अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग कर हाई–डेफिनिशन फुटेज, वॉयस–ओवर और पेशेवर संगीत के साथ वीडियो बनाना होगा।

**<u>प्रधानमंत्री उत्तराखंड भ्रमण</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल एक दिवसीय दौरे पर उत्तरकाशी पहुंचेंगे। वे मुखवा गांव में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल के दर्शन करेंगे। इसके बाद वे मुखवा व्यू पॉइंट से हिमालय का अवलोकन करेंगे और हर्षिल में उत्तराखंड शीतकालीन पर्यटन प्रदर्शनी का निरीक्षण करेंगे। वे साहसिक खेल गतिविधियों से जुड़ी रैलियों और ट्रेक्स को हरी झंडी दिखाने के साथ एक सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे को उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और शीतकालीन प्रवास स्थलों की राष्ट्रीय पहचान बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**<u>क्रॉस कंट्री दौड़</u>**

नशा मुक्त अभियान के तहत आज बागेश्वर में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौड़ में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लेकर नशा मुक्त समाज के लिए जनभागीदारी का संदेश दिया।

जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि समाज को नशे से मुक्त करने के लिए जागरूकता और जन सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ें।

जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य नशा मुक्ति का संदेश फैलाने के साथ–साथ युवाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलेगी।

**<u>समीक्षा</u>**

कुमाऊं आयुक्त और मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने चम्पावत में मां पूर्णागिरी मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने किराया नियंत्रण, वाहनों की फिटनेस, सीसीटीवी सर्विलांस, सफाई, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं को दुरुस्त करने को कहा है।

श्री रावत ने कहा कि भीड़ प्रबंधन के लिए पैदल मार्ग पर चैन डिवाइडर और साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। फायर सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए धर्मशालाओं में अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड किट अनिवार्य किए गए हैं। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और कीमतों की निगरानी के लिए रेट लिस्ट जारी की जाएगी। साथ ही भंडारों की अनुमति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू होगा।

आयुक्त ने यात्रा मार्ग, बूम घाट, पार्किंग स्थलों और बाटनागाड़ की क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण कर सुरक्षा व सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।

गौरतलब है कि पूर्णागिरी मेला पन्द्रह मार्च से शुरू होकर पन्द्रह जून तक चलेगा।

**<u>पुल क्षतिग्रस्त</u>**

चमोली जिले से हेमकुंड साहिब को जोड़ने वाला टूट गया है। गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि आज सुबह गोविंद घाट में स्थित हेमकुंड साहिब व फूलों की घाटी जाने वाला मुख्य पुल पहाड़ी से चट्टान का बड़ा हिस्सा टूटने के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे अब पुलना, घांघरिया, भ्यूंडार, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी के लिये आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है।

<u>प्रयास</u>

देहरादून के दुर्गम क्षेत्रों में निवेश और विकास कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में मार्च के तीसरे सप्ताह में जिलाधिकारी सविन बंसल तीन दिवसीय प्रवास पर त्यूनी और चकराता क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरान बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

कोटी कनासर में पहली बार 200 नवगठित वन पंचायतों का कान्क्लेव आयोजित होगा। इसमें वन पंचायतों को आपदा मद से धनराशि प्रदान की जाएगी, जिससे वनाग्नि रोकथाम और फायर वॉचर्स की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

वहीं, हनोल मंदिर परिसर में स्थानिकों और पुरोहितों के साथ मंदिर मास्टर प्लान और विस्तार को लेकर चर्चा की जाएगी। इस विमर्श में स्थानीय हितों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उधर, त्यूनी में आयोजित वृहद बहुउद्देशीय शिविर में पेंशन, स्वास्थ्य जांच और विभिन्न प्रमाण पत्रों से जुड़े मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा।

यह पहली बार है जब कोई जिलाधिकारी तीन दिनों तक दुर्गम क्षेत्रों में प्रवास कर स्थानीय जनता की समस्याओं को नजदीक से समझेगा और उनका समाधान सुनिश्चित करेगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रोजगार पर बजट के उपरान्त वेबिनार में भाग लेंगे।
- उत्तराखंड को एनीमिया और टीबी मुक्त बनाने के लिए शिक्षा विभाग के साथ मिलकर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।
- नैनीताल जिले के काठगोदाम और मुम्बई सेंट्रल के बीच 12 मार्च से विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री का उत्तरकाशी में हर्षिल और मुखवा का दौरा कल, उत्तराखंड पर्यटन को नई दिशा मिलने की उम्मीद।
- **और,** नशा मुक्त अभियान के तहत बागेश्वर में आज क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया।